दिन– गुरुवार दिनांक– 09 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार का निर्णय– पटना से गयाजी, आरा, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय के बीच रैपिड रेल सेवा शुरू की जायेगी।

02. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इंटरनेट पर युवाओं को उकसाने के मामले में बिहार, समेत दस राज्यों में एक साथ छापेमारी की।

03. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक समान शुल्क लिया जायेगा।

04. और, मौसम विभाग का गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण जिले में आज अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट। भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान तथा किशनगंज जिले में भी भारी बारिश की चेतावनी।

————————————————————————

प्रदेश में पटना से गयाजी, आरा, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय के बीच रैपिड रेल सेवा शुरू की जायेगी। इसके लिए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम–आरआरटीएस बनेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी। इस संबंध में अल्टरनेटिव एनालिसिस रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कराने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम को दी गयी है। इस पर इकतीस करोड़ उनसठ लाख रूपये खर्च होंगे। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि प्रमुख शहरों के बीच परिवहन व्यवस्था को तेज करने के लिए यह फैसला लिया गया है।

———साउंड बाईट———

एक अन्य फैसले में राज्य सरकार ने सात निश्चय पार्ट तीन के तहत बेरोजगारी भत्ता यानि मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना को दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से मार्च दो हजार इकतीस तक लागू रहने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि इसके तहत वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिए तीन सौ करोड़ रूपये खर्च करने की सहमति दी गयी है।

———साउंड बाईट———

कैबिनेट ने प्रदेश में दूध उत्पादकता के साथ ही गुणवत्ता सुधारने के लिए बल्क मिल्क कूलर, दूध मिलावट जांच मशीन और डाटा प्रोसेसिंग मिल्क कन्ट्रोल यूनिट लगाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इसके तहत राज्य में एक हजार से अधिक

डाटा प्रोसेसिंग मिल्क कन्ट्रोल यूनिट और अस्सी दूध मिलावट जांच मशीन लगायी जायेंगी। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के कार्यान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही के अंकेक्षण के लिए सामाजिक अंकेक्षण सोसाईटी के गठन की मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल ने कुल बाईस प्रस्तावों को स्वीकृति दी है।

———————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एनआईए ने इंटरनेट पर युवाओं को उकसाने के मामले में बिहार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और गुजरात समेत दस राज्यों में एक साथ छापेमारी की। ये छापामारी आईएसआईएस और अलकायदा जैसे आतंकी संगठनों की विचारधारा को बढ़ावा देने और सरकार के खिलाफ साजिश की जांच के क्रम में की गयी है। इस दौरान टीम ने कई डिजिटल डिवाईस भी जब्त किये हैं। इस मामले में अब तक बारह लोगों को हिरासत में लिया गया है।

———————————————————

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक वर्षीय और दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक समान शुल्क लिया जायेगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत सैयद अता हसनैन ने इस संबंध में यूनिफॉर्म ऑडिनेंस एडं रेगुलेशन्स दो हजार छब्बीस को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों में वर्ष दो हजार अठारह से लागू च्वाईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम – सीडीसीएस के पुराने नियम समाप्त हो गये हैं। हालांकि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, नालंदा खुला विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय और कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय पर ये नियम लागू नहीं होंगे। इधर, राज्यपाल ने अंगीभूत महाविद्यालयों में प्रधानाचार्यों की नियुक्ति योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के तबादले के लिए पोर्टल आज से खुल जायेगा। इसके माध्यम से शिक्षक मन पसंद विद्यालयों में स्थानांतरण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गोपालगंज में पत्रकारों से कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सरकार ने मनचाहा स्थानांतरण की नीति बनायी है। उन्होंने कहा कि तबादले के लिए मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी जारी हो चुकी है।

———————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने पटना के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के औचक निरीक्षण के बाद दो चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में एक डॉक्टर निर्धारित समय पर ड्यूटी पर नहीं पहुंचे थे, जबकि दूसरे डॉक्टर पर मरीज को जांच के लिए अपने निजी क्लिनिक भेजने का आरोप है।

---साउंड बाइट---

----------------------------------------

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन – ई.पी.एफ.ओ इस महीने की पन्द्रह तारीख तक लगभग चौंतीस करोड़ ई.पी.एफ.ओ खातों में वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत ब्याज जमा करने का काम पूरा कर लेगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने बताया कि नई केंद्रीकृत आईटी सक्षम सेवा– सी.आई.टी.ई.एस प्रणाली के माध्यम से ग्राहकों के खातों में एक लाख चौवालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा की जाएगी।

----------------------------------------

प्रदेश में मानसून की सक्रियता बनी हुई है। उत्तर बिहार में जहां अच्छी बारिश हो रही है। वहीं, दक्षिण बिहार में कम बारिश के चलते उमस और गर्मी का असर एक बार फिर बढ़ गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण जिले में अत्यधिक भारी बारिश, जबकि भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश का पूर्वानुमान है।

---साउंड बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, सुपौल और पूर्णिया जिले में भारी से बहुत भारी बारिश हुई है। शेष स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। सबसे अधिक किशनगंज के चरघरिया में एक सौ अठहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है।

----------------------------------------

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पार्टी मुख्यालय में नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी की संगठनात्मक मजबूती के लिए कई निर्देश दिये। वहीं, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बारह प्रदेश उपाध्यक्ष, अड़तीस प्रदेश महासचिव और चौहत्तर प्रदेश सचिव मनोनीत किये गये हैं। विधान पार्षद नीरज कुमार को फिर से पार्टी का मुख्य

प्रवक्ता नियुक्त किया गया है, जबकि नौ अन्य व्यक्तिओं को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

———————————————————————

रिज़र्व बैंक ने बताया है कि गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा सोने के आभूषणों के बदले दिए गए ऋण में इस वर्ष मई महीने में लगभग सत्तर प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। मई के अंत तक ऐसे ऋण बढ़कर लगभग तीन लाख तीस हजार करोड़ रुपये हो गए। रिज़र्व बैंक ने बताया कि खुदरा ऋण में भी लगभग उन्नीस दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, कृषि और संबंधित क्षेत्रों को दिए गए ऋण में लगभग अठारह प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि उद्योग और सेवा क्षेत्रों में ऋण वृद्धि की रफ्तार धीमी रही।

———————————————————————

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टी–ट्वेंटी क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का चौथा मुकाबला आज ब्रिस्टल में खेला जाएगा। भारतीय समय के अनुसार यह मैच रात दस बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड, श्रृंखला में फिलहाल दो–शून्य से आगे है और श्रृंखला में बने रहने के लिए भारत को यह मैच जीतना ही होगा। इससे पहले, तीसरे मैच में भारत को इंग्लैंड से एक सौ पच्चीस रन से हार का सामना करना पड़ा था।

———————————————————————

रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता के आगामी सत्र में बिहार अपने घरेलू मैच राजगीर क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगा। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव जियाउल आरफीन ने बताया कि पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में पुनर्निर्माण कार्य जारी रहने के कारण राजगीर मैचों की मेजबानी करेगा। इसके लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी गयी है। रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप कैलेंडर के अनुसार बिहार उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहला मैच ग्यारह अक्टूबर से चौदह अक्टूबर तक और दूसरा मैच मौजूदा रणजी एलिट चैम्पियन जम्मू–कश्मीर के खिलाफ सत्रह जनवरी से बीस जनवरी तक खेलेगा। जबकि तीसरा मुकाबला चौबीस फरवरी से सत्ताईस फरवरी तक विदर्भ के खिलाफ खेला जायेगा।

———————————————————————

भोजपुर जिले के शाहपुर में कथित पुलिस मुठभेड़ में भरत तिवारी की मौत मामले की जांच तेज़ हो गई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान बतौर साक्ष्य न्यायालय में अंकित कराया है। भरत तिवारी की मां, भाई समेत तीन लोगों के बयान अंकित कराए गए हैं। इधर, न्यायिक आयोग ने भी अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग – अलग थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ उन्नीस तस्करों को गिफ्तार कर लिया है

इनके पास से चोरी की चार मोटरसाईकिल, एक स्कूटी, पिकअप वैन, मोबाइल और कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

———————————————————

नवादा केंद्रीय विद्यालय का संचालन शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से कन्हाई नगर स्थित राजकीयकृत इंटर विद्यालय परिसर में होगा। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि प्रथम चरण में कक्षा एक से पांच तक पठन–पाठन संचालित होगा।

———————————————————

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र से पुलिस ने तेरह किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी अखबारों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– पटना से सूबे के चार शहरों में रैपिड रेल सेवा शुरू होगी।

दैनिक जागरण ने अमेरिका और ईरान के बीच बढ़े विवाद पर लिखा है–पश्चिम एशिया में फिर संग्राम, होर्मुज में तीन जहाजों को निशाना बनाये जाने के बाद अमेरिका ने किया हमला।

दैनिक भास्कर लिखता है– बिहार में नौ सौ छियालीस स्कूल बढ़े पर दाखिला चार लाख सैंतीस हजार सैंतीस कम हुआ।

प्रभात खबर ने लिख है– फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले तीन हजार पैंतीस शिक्षकों की जायेगी नौकरी। वेतन भी सूद समेत वसूला जायेगा।

आज अखबार लिखता है– बिहार में एक हजार चार सौ संतानवे संदिग्ध फार्मासिस्टों का पंजीकरण रद्द। राष्ट्रीय सागर का शीर्षक है– दो हजार सत्ताईस में नीट परीक्षा छह दिन चलेगी, कम्प्यूटर बेस्ड होगी परीक्षा।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार का निर्णय– पटना से गयाजी, आरा, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय के बीच रैपिड रेल सेवा शुरू की जायेगी।

02. राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने इंटरनेट पर युवाओं को उकसाने के मामले में बिहार, समेत दस राज्यों में एक साथ छापेमारी की।

03. प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक समान शुल्क लिया जायेगा।

04. और, मौसम विभाग का गोपालगंज और पश्चिमी चंपारण जिले में आज अत्यधिक भारी बारिश का अलर्ट। भोजपुर, बक्सर, सारण, सीवान तथा किशनगंज जिले में भी भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।